>

Title: Need to provide adequate power to Jharkhand from Central Pool to ensure smooth supply of power in the State particularly in Palamu and Garhwa districts.

श्री कामेश्वर बैठा (पलामू): मेरा संसदीय क्षेत्र जंगल, पहाड़ों से घिरा हुआ बिल्कुल पिछड़ा इलाका है। प्रत्येक तीन साल पर ऐसी प्राकृतिक आपदा आती है कि मेरा पूरा संसदीय क्षेत्र सुखाड़ की चपेट में आ जाता है।

सिंचाई की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। ऐसी आपदा की स्थिति में बिजली की समुचित व्यवस्था की नितान्त आवश्यकता हो जाती है, जिससे हमारे किसान अपनी फसल को कुछ हद तक पैदा कर सकते हैं।

हमारे संसदीय क्षेत्र में पलामू तथा गढ़वा जिला को उत्तर प्रदेश के रिहंद से 30 मेगावाट तथा बिहार के सोननगर से 25-30 मेगावाट बिजली प्राप्त होती है जो बिल्कुल पयाप्त नहीं है।

सुखाड़ से निपटने के लिए स्थायी रूप से पलामू को 80, गढ़वा को 50 मेगावाट कुल 130 मेगावाट बिजली की नितांत आवश्यकता है। केन्द्र सरकार से मेरी मांग है कि लोकहित में मानवीय आधार पर पलामू संसदीय क्षेत्र के शहरी इलाकों में कम से कम 16 से 18 घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्र में औसतन 12 से 14 घंटे की बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रिहन्द तथा सोननगर से क्रमशः 45 से 40 मेगावाट बिजली दी जाए।

उपरोक्त हेतु केन्द्र सरकार से गुजारिश है कि विद्युत के केन्द्रीय पूल से झारखण्ड राज्य को अधिक विद्युत आवंटित करे ताकि राज्य एवं मेरे संसदीय क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से हो सके।

MADAM SPEAKER: Please take your seats.

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Now, item no. 24 – Shri Jairam Ramesh.

12.10 hrs

At this stage, Shri P.K. Biju, Shri C. Sivasami, Shri P. Lingam and

some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

...(Interruptions)